संख्या-563/2025/376 के-2/22-3-2025-17(105)/2024

प्रेषक,

कमलेश कुमार,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 लखनऊ दिनांक 08 दिसम्बर, 2025

विषय:- केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सीमित सजा से दण्डित सिद्धदोष बंदी धन सिंह पुत्र श्री कामता खंगार, निवासी जनपद-ललितपुर की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अधीक्षक, (मु0) कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या-35546/प्रो0-7/सीमित/एम-30-11-2023, दिनांक-11.12.2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सीमित सजा से दण्डित सिद्धदोष बंदी धन सिंह पुत्र श्री कामता खंगार, जो बड़ा कल्याणपुरा, थाना-कोतवाली ललितपुर, जनपद-ललितपुर का निवासी है। दिनांक 29.11.2017 को सुबह करीब 10:00 बजे वादिया घर पर अकेले थी, तभी अभियुक्त धन सिंह उसके घर पर आया और कहा उसे गेहू दे दो। गेहू के बहाने अन्दर घुस कर उसे पटक कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और गाली गलौज देते हुए मार-पीट की। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण सं0-36/2018 के अन्तर्गत भा0द0वि0 की धारा-376, 452, 504, 323 में मा० अपर सत्र न्यायाधीश, ललितपुर के आदेश दिनांक 14.10.2021 द्वारा 10 वर्ष के कारावास से दण्डित किया गया। बंदी द्वारा उक्त दण्ड के सापेक्ष दिनांक 07.07.2023 तक 04 वर्ष, 04 माह, 01 दिन की अपरिहार सजा तथा 04 वर्ष, 07 माह, 09 दिन की सपरिहार सजा भोगी गई है तथा जेल रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 07.07.2023 तक बंदी की आयु 52 वर्ष, 11 माह, 02 दिन है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, ललितपुर द्वारा बन्दी का अपराध समाज को व्यापक रूप से प्रभावित करने, जेल से छूटने पर पुन: अपराध कर सकने, छूटने पर किसी भी घटना से इंकार नहीं किये जाने के दृष्टिगत बंदी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि दिनांक 29.11.2017 को सुबह 10:00 बजे करीब वादिया घर पर अकेले थी, तभी अभियुक्त धन सिंह उसके घर पर आया और कहा कि उसे गेहू दे दो। गेहू के बहाने अन्दर घुस कर उसे पटक कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और गाली गलौज देते हुए मार-पीट की। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी का अपराध समाज को व्यापक रूप से प्रभावित करने, पुन: अपराध करने में अशक्त नहीं होने का अंकन पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है।

है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी धन सिंह पुत्र श्री कामता खंगार को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- अत: उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सीमित सजा से दण्डित सिद्धदोष बंदी धन सिंह (बंदी संख्या-18135) पुत्र श्री कामता खंगार, निवासी जनपद-ललितपुर के फार्म-ए/लाईसेंस पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।
(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,
कमलेश कुमार
उप सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 राज्यमंत्री जी के सूचनार्थ।
3- जिला मजिस्ट्रेट, ललितपुर।
4- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, आगरा।
5- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन।
6- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
अनीस अख्तर अंसारी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है।

शासनादेश संख्या-563/2025/376 के-2/22-3-2025-17(105)/2024

दिनांक 08 दिसम्बर, 2025 का संलग्नक

सरकार के आदेश

केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सीमित सजा से दण्डित सिद्धदोष बंदी धन सिंह पुत्र श्री कामता खंगार, जो बड़ा कल्याणपुरा, थाना-कोतवाली ललितपुर, जनपद-ललितपुर का निवासी है। दिनांक 29.11.2017 को सुबह करीब 10:00 बजे वादिया घर पर अकेले थी, तभी अभियुक्त धन सिंह उसके घर पर आया और कहा उसे गेहू दे दो। गेहू के बहाने अन्दर घुस कर उसे पटक कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और गाली गलौज देते हुए मार-पीट की। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण सं0-36/2018 के अन्तर्गत भा0द0वि0 की धारा-376, 452, 504, 323 में मा० अपर सत्र न्यायाधीश, ललितपुर के आदेश दिनांक 14.10.2021 द्वारा 10 वर्ष के कारावास से दण्डित किया गया। बंदी द्वारा उक्त दण्ड के सापेक्ष दिनांक 07.07.2023 तक 04 वर्ष, 04 माह, 01 दिन की अपरिहार सजा तथा 04 वर्ष, 07 माह, 09 दिन की सपरिहार सजा भोगी गई है तथा जेल रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 07.07.2023 तक बंदी की आयु 52 वर्ष, 11 माह, 02 दिन है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, ललितपुर द्वारा बन्दी का अपराध समाज को व्यापक रूप से प्रभावित करने, जेल से छूटने पर पुन: अपराध कर सकने, छूटने पर किसी भी घटना से इंकार नहीं किये जाने के दृष्टिगत बंदी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि दिनांक 29.11.2017 को सुबह 10:00 बजे करीब वादिया घर पर अकेले थी, तभी अभियुक्त धन सिंह उसके घर पर आया और कहा कि उसे गेहू दे दो। गेहू के बहाने अन्दर घुस कर उसे पटक कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और गाली गलौज देते हुए मार-पीट की। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी का अपराध समाज को व्यापक रूप से प्रभावित करने, पुन: अपराध करने में अशक्त नहीं होने का अंकन पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी धन सिंह पुत्र श्री कामता खंगार को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा बंदी की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

कमलेश कुमार
उप सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in